एम.एम.डी.ई.-015

00312

बी.एड. विशेष शिक्षा (बी.ई.डी.एस.ई.)

सत्रांत परीक्षा

जून, 2018

एम.एम.डी.ई.-015 : हिन्दी में शिक्षण

समय : 2 घंटे *अधिकतम अंक : 50*

नोट : *इस प्रश्न पत्र में कुल **तीन भाग** हैं : **क, ख** और **ग**। प्रत्येक भाग के नीचे प्रश्न हल करने संबंधी निर्देश दिए गए हैं। उन्हें ध्यान से पढ़ें।*

भाग - क

सभी प्रश्नों के उत्तर दें। **सभी** के अंक **समान** हैं। 5x2=10

1. भाषा शिक्षण सामग्री का क्या महत्व हैं ?

2. भाषा पाठ्यक्रम के मुख्य आधार क्या हैं ?

3. हिन्दी भाषा की विविध बोलियों को उदाहरण सहित लिखें।

4. कविता क्या है ? उदाहरण सहित समझाइए।

5. चरित्र चित्रण से आप क्या समझते हैं ?

भाग - ख

किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **सभी** प्रश्नों के अंक **समान** है। 4x5=20

6. भाषा शिक्षण के उद्देश्यों को उदाहरण सहित व्याख्या करें।

7. हिन्दी भाषा के विकास के बारे में आप क्या जानते हैं?

8. जीवनी और संस्मरण में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

9. ध्वनियों के शिक्षण के लिए अभ्यास की प्रक्रिया समझाइए।

10. कहानी शिक्षण के महत्व एवं उद्देश्यों का वर्णन करें।

11. हिन्दी शिक्षण को अपने क्षेत्र की बोली का समुचित ज्ञान होना चाहिए। इस कथन का औचित्य प्रतिपादित कीजिए।

भाग - ग

12. किसी लघु कहानी को उल्लेखित करते हुए एक समग्र पाठ योजना तैयार कीजिए। 10

अथवा

'रीढ़ की हड्डी' एकांकी के रचनाकार कौन हैं? यह नाटक कब लिखा गया? तथा इस नाटक में संवाद की भूमिका के महत्व को प्रतिपादित कीजिए।

13. व्यवहारिक व्याकरण क्या हैं? व्यवहारिक व्याकरण के रूपों की चर्चा करते हुए व्याकरण शिक्षण की विधियों पर प्रकाश डालिए। 10

अथवा

पाठ आधारित लेखन, प्रयोजन मूलक लेखन, अनुभव परख लेखन में परस्पर अंतर संबंधों की विवेचना करते हुए किसी एक का विस्तार पूर्वक वर्णन करें।